आयुक्त सूचना एवं जनसम्पर्क की अध्यक्षता में कोविड-19 फेक्ट चेक इकाई का गठन

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
M-04-04-2020-06.docx (http://103.203.138.54/news/205680/document/M-04-04-2020-06.docx)

DESCRIPTION

आयुक्त सूचना एवं जनसम्पर्क की अध्यक्षता में कोविड-19 फेक्ट चेक इकाई का गठन

जयपुर, 4 अप्रेल। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के आयुक्त श्री महेन्द्र सोनी की अध्यक्षता में कोविड-19 फेक्ट चेक इकाई का गठन किया गया है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री अभय कुमार की ओर से जारी आदेश के अनुसार कोरोना वायरस के फैलाव को रोकने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्रालय के 1 अप्रेल के आदेश के अनुसरण में इस इकाई का गठन किया गया है। यह इकाई कोविड-19 से संबंधित मामलों पर जनसामान्य से मिलने वाले संदेशों एवं प्रश्नों पर संबंधित व्यक्ति को अधिकतम तीन दिन में अपना जवाब देगी। कोविड-19 पर किसी भी प्रकार के समाचार की आधिकारिक सूचना इस इकाई से प्राप्त की जा सकेगी। केन्द्र सरकार के स्तर पर गठित प्रेस इनफोर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) फेक्ट चेक यूनिट से राज्य से संबंधित प्राप्त होने वाले संदेशों एवं प्रश्नों का भी यह इकाई तीन दिन में निस्तारण करेगी। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग इसका प्रशासनिक विभाग होगा। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक पीआरबी श्री प्रेम प्रकाश त्रिपाठी, अतिरिक्त निदेशक क्षेत्र प्रचार श्रीमती अल्का सक्सेना एवं संयुक्त निदेशक समाचार श्री अरूण जोशी इकाई के सदस्य होंगे। संयुक्त निदेशक विज्ञापन श्री शिवचंद मीणा को सदस्य सचिव बनाया गया है।

SUPPORTING IMAGES

Copyright © 2016 Information and Public Relations Department. All Right Reserved.

Last Updated On: **14/4/2020**

You are visitor No.:

001661624

Nodal Officer: **Sh. Arun Kumar Joshi**

Designation : Joint Director(News)

Mobile Number : 9610409010

Email: dpr-comp-rj@nic.in

This website belongs to Information and Public Relations Department

We're on social networks

(https://www.facebook.com/DIPRRajasthan/) (https://twitter.com/dipr_rajasthan) (https://www.youtube.com/channel/UC2oIZW3EmG59rjejhn

(https://validator.w3.org/) (https://jigsaw.w3.org/css-validator/check/referer)